द्वारा – ईमेल

राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर

(सी–7ए, सुल्तान हाऊस, सवाई जयसिंह हाईवे, जयपुर।)
Website : rajasthanparamedicalcouncil.org, Contact : 0141-2973804, 2988946

क्रमांकःपैरामेडि.कौ/परीक्षा–कंडक्ट/2024/260 दिनांकः 23/02/2024

–::सार्वजनिक सूचना::–

राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर के अधिनियम 2008 के तहत् गठित राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर द्वारा संचालित पैरामेडिकल डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की प्रथम वर्ष रिमाण्डेड/पूरक परीक्षा सत्र 2018–19, 2017–18 एवं 2016–17 की परीक्षायें **माह–फरवरी–2024** के प्रवेश–पत्र वेबसाईट www.rpcraj.net द्वारा कॉलेज पोर्टल पर दिनांक 24.02.2024 से दिनांक 27.02.2024 प्रातः 10:00 बजे तक उपलब्ध होगें। अभ्यर्थी सम्बन्धित कॉलेज/महाविद्यालय से सम्पर्क कर प्रवेश–पत्र प्राप्त कर सकते है।

समस्त सम्बन्धित अभ्यर्थी ध्यान देवें :–

1. प्रवेश–पत्र प्रधानाचार्य द्वारा सत्यापित होगें।
2. यदि किसी प्रवेश–पत्र पर अभ्यर्थी के फोटो एवं हस्ताक्षर सम्बन्धी विसंगति हो तो अभ्यर्थी फोटो चस्पा कर, फोटो अथवा हस्ताक्षर जिसमें विसंगति हो, को प्रधानाचार्य द्वारा आवश्यक रूप से सत्यापित करने के पश्चात् ही स्वीकार किया जावेगा।
3. अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र पर सत्यापित प्रवेश–पत्र, कॉलेज आई.डी., आधार कार्ड या फोटो युक्त अन्य आई.डी. तथा परीक्षा सामग्री साथ लेकर जावेगें।
4. परीक्षा केन्द्रों पर अवांछित सामग्री लेकर न जावें।
5. परीक्षा प्रारम्भ होने से एक घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्रों पर उपस्थित होवें।
6. राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर की वेबसाईट www.rajasthanparamedicalcouncil.org एवं www.rpcraj.net पर उपलब्ध टाईम–टेबल एवं अभ्यर्थियों के लिए जारी दिशा–निर्देश अवश्य देखें।
7. **परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्रों पर कोविड प्रोटोकॉल की गाईडलाइन अनुसार पालना सुनिश्चित करें।**

(परीक्षा नियंत्रक)
राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल,
जयपुर।

क्रमांकःपैरामेडि.कौ/परीक्षा–कंडक्ट/2024/260 दिनांकः23/2/2024

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. अध्यक्ष, राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर।
2. रजिस्ट्रार, राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर।
3. प्रभारी, सर्वर रूम को भेजकर लेख है कि आज ही वेबसाईट पर अपलोड करें।
4. प्रधानाचार्य, समस्त पेरामेडिकल कॉलेज/संस्थान को निर्देशित किया जाता है कि सूचना को कॉलेज/संस्थान के "सूचना पट्ट" पर चस्पा करें एवं प्रवेश–पत्र देने हेतु कॉलेज/संस्थान खुले रखने की सुनिश्चिता करें।
5. रक्षित पत्रावली।

(परीक्षा नियंत्रक)
राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल,
जयपुर।